उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 208/2016 /1997 /71-1-2016-जी-131/2015
लखनऊ : दिनांक 22 दिसम्बर, 2016
कार्यालय-ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती के विरूद्ध प्रवक्ता, माइक्रोबायोलॉजी की विशिष्टता में प्रवक्ता के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 के पत्र संख्या-177/13/डी0आर0/सेवा-8/2012-13, दिनॉक 22-07-2016 एवं पत्र संख्या-177(1)/13/डी0आर0/सेवा-8/2012-13, दिनॉक 10-08-2016 में की गयी संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल महोदय संलग्न सूची में उल्लिखित विवरणानुसार 09 अभ्यर्थियों को वेतन बैण्ड रू0 15600-39100 ग्रेड पे रू0 6000/- में निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त/तैनात करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-

(1) संबंधित अभ्यर्थी को प्रवक्ता के पद/वेतनमान के अनुरूप समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते अनुमन्य होगें।

(2) संबधित अभ्यर्थी एक माह के अन्दर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर ले अन्यथा यह नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा और उनका अभ्यर्थन समाप्त हो जायेगा।

(3) नियुक्ति स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु संबंधित अभ्यर्थी को किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय न होगा।

(4) संबंधित अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश सरकारी डाक्टर (एलोपैथिक) प्राइवेट प्रैक्टिस निबन्धन नियमावली, 1983 के अनुसार प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी। मेडिकल अभ्यर्थियो को प्राइवेट प्रैक्टिस के बदले उन्हें नियमानुसार निर्धारित दर से प्रैक्टिस बन्दी भत्ता देय होगा।

(5) उक्त नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अध्यापकों की सेवा नियमावली, 1990 (यथासंशोधित) के प्राविधानों के अधीन होगी तथा उक्त नियमावली के नियम-18 के अन्तर्गत परिवीक्षा अवधि दो वर्ष की होगी।

(6) संबंधित अभ्यर्थी को यथावश्यक जनहित में प्रदेश के किसी भी राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज में उसी पद पर स्थानान्तरित कर तैनात किया जा सकेगा।

2- कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये जाने आवश्यक होगें:-

(1) दो ऐसे राजपत्रित अधिकारी जो सेवा में हो और उनके निजी जीवन से पूर्ण रूप से परिचित हो, किन्तु उनके संबंधी न हो, द्वारा प्रदत्त अच्छे चरित्र का प्रमाणपत्र।

(2) अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक शपथपत्र।

(3) ओथ एलीजिएन्स का प्रमाण-पत्र।

(4) गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।

(5) चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(6) एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न होने का प्रमाण-पत्र।

3- अभ्यर्थी संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराने के उपरान्त ही संबंधित मेडिकल कालेज में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

4- अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण कराने से पूर्व संबंधित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा संबंधित अभ्यर्थी से इस आशय का शपथपत्र ले लिया जाएगा कि उनके चरित्र एवं प्राग्वृत्त सत्यापन के संबंध में कोई प्रतिकूल तथ्य पाए जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

डा0 अनिता भटनागर जैन
प्रमुख सचिव।

संख्या:- 208/2016/1997 (1)/71-1-2016- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया नियुक्ति आदेश की प्रति वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करे।
4- प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, जालौन, सहारनपुर, आजमगढ़, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर ।
5- कोषाधिकारी,/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जालौन, सहारनपुर, आजमगढ़, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर
6- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, जालौन, सहारनपुर, आजमगढ़, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर ।
7- मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद- इलाहाबाद, सहारनपुर, कुशीनगर, आगरा, बस्ती, लखनऊ एवं बोकारो (झारखण्ड) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे संबंधित अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके स्वास्थ्य परीक्षण आख्या शासन को उपलब्ध करायें।
8- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
9- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कार्यालय ज्ञाप संख्या-208/2016 /1997 /71-1-2016-जी-131/2015,

दिनांक 22 दिसम्बर, 2016 का संलग्नक:-

क्र0 सं0	अभ्यर्थी का नाम तथा अनुक्रमांक	पता/ गृह जनपद	राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज का नाम जहॉ तैनाती की गयी है।
1	डा0 प्रतीक्षा श्रीवास्तव (अनु0-51220036348)	63 एच0/37, दयानन्द मार्ग, सिविल लाइन, इलाहाबाद, उ0प्र0 211001	राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़।
2	डा0 प्रज्ञा शाक्य (अनु0-51220331881)	ग्रा0 व पो0- चौरीमंडी, सरसावा, सहारनपुर, उ0 प्र0- 247232	राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
3	डा0 प्रेम प्रकाश मिश्रा (अनु0-51210170379)	ग्रा0 जैनामोड़, बोकरो, झारखण्ड।	राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन ।
4	डा0 अमरेश कुमार सिंह (अनु0-51250139509)	ग्रा0- सठियॉव-2, पो0- फाजिलनगर, जनपद- कुशीनगर, उ0प्र0 274401	राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर ।
5	डा0 अनिल कुमार (अनु0-51230129489)	ग्रा0 व पो0- मोरा, बड़गॉव, जनपद- सहारनपुर, उ0प्र0 247453	राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ ।
6	डा0 आरती अग्रवाल (अनु0-512202332971)	96/ए0, से0-13, आवास विकास कालोनी, सिकन्दरा, जनपद- आगरा, उ0प्र0 282007	राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा ।
7	डा0 विकास कुमार	म0नं0-13, अगरोहा धाम,	राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

	(अनु0-51220119748)	पश्चिमपुरी, सिकन्दरा, जनपद- आगरा, उ0प्र0 282007	
8	डा0 वन्दना उपाध्याय (अनु0-51220114789)	म0नं0-1015/8, रामेश्वरपुरी, गॉधीनगर, बस्ती, उ0प्र0 272001	राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
9	डा0 मधु यादव (अनु0-51250268989)	628/9 ए0, शाक्तिनगर, फैजाबाद रोड, लखनऊ, उ0प्र0 226016	राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर ।

आज्ञा से,

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।